>

Title: Need to release central share of funds for Barmer Lift Water Supply Project to provide water in Barmer and Jaisalmer districts of Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर एवं जैसलमेर जिलों में, जहां पर 80 प्रतिशत रेगिस्तान का क्षेत्र है आजादी के साठ साल के बाद भी इस क्षेत्र में पानी की कमी के कारण ग्रामीण महिलाओं को 5 से 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके पानी लाना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए राजस्थान सरकार ने बाड़मेर लिफ्ट वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट का प्रस्ताव तैयार किया जिससे इस क्षेत्र के 691 गांवों, बाड़मेर शहर एवं पाकिस्तान-भारत सीमा पर तैनात सेनाओं को इस योजना से पानी की समस्या से निजात मिलने वाली है। रक्षा मंत्रालय ने लगभग 242 करोड़ रूपए की धनराशि इस कार्य में वहन करने की सहमति भी दी है परंतु इस धनराशि के अभी तक उपलब्ध नहीं होने से इस योजना पर अमल नहीं हो पाया है इस धनराशि को आवंटित करने के लिए केबिनेट की मंजूरी चाहिए। लोगों की समस्या को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान ने चिट्ठी भेजकर उक्त धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है परंतु अभी तक यह धनराशि उपलब्ध नहीं हो पाई है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त परियोजना के लिए 242.56 करोड़ रूपए की धनराशि की केबिनेट मंजूरी लेकर तत्काल उपलब्ध करवाई जाये जिससे इस परियोजना पर कार्य हो सके।